# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**30 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मऊ में तीन सौ बानवे करोड़ रुपए से अधिक की एक सौ चौदह परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– गांवों के विकास से साकार होगा विकसित भारत का सपना।
- आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिये टीईटी पास करना अनिवार्य। सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला। शिक्षकों के लिये टीईटी पास करने की समय–सीमा एक वर्ष और बढ़ी।
- कल दो पालियों में आयोजित की जायेगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा। बहत्तर जिलों में बनाये गये एक हजार से अधिक परीक्षा केन्द्र। हाईटेक कमांड कंट्रोल रूम से होगी परीक्षा केन्द्र की निगरानी।
- प्रदेश में आंधी–तूफान से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाओं के बीच बारिश और बिजली गिरने की जारी की चेतावनी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मऊ में तीन सौ बानवे करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली एक सौ चौदह परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार विकास लेकर आती है। यह विकास बिना भेदभाव नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर सौंपी तो सभी ने बारह वर्ष में बदलते भारत को देखा। श्री योगी ने बताया कि प्रदेश में दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मऊ से विभिन्न शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर हो गई है।

***मऊ जनपद फिर से एक नई विकास की यात्रा में आगे बढ़ा है। इस विकास यात्रा के सहयात्री आपके सामने है। कोई सोचता था कि गोरखपुर से वाराणसी का मार्ग फोर लेन का होगा। कोई सोचता था कि मऊ से लखनऊ की दूरी अब मात्र 3 घंटे की हो जाएगी। तो यहां आपके लिए प्रदेश की राजधानी इतनी नजदीक हो गई। गोरखपुर नजदीक हो गया, काशी नजदीक हो गया, प्रयागराज की दूरी घट गई, कितनी अच्छी कनेक्टिविटी।***

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी, लैपटॉप, स्वीकृति पत्र आदि देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने मऊ के ताजोपुर में ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दिए गए पंचप्रण का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना गांवों के विकास से ही साकार होगा।

***गांव स्वावलंबी होंगे तो आत्मनिर्भरता की इकाई हम गठित कर पाएंगे। ग्रामीण आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को आगे बढ़ने के समय एक प्रयास है और यही तो प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों के सामने कहा था, विकसित भारत की संकल्पना भारत विकसित होगा तब जब प्रदेश विकसित होगा। प्रदेश विकसित होगा तब जब जनपद विकसित होगा और जनपद विकसित तब होगा जब गांव विकसित होंगे।***

**********

सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने कल कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है। उन्होंने कहा कि जमानत आवेदनों पर आदेश उसी दिन या अगले दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि जमानत या सजा निलंबन का आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद जेल अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य है।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा–टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने टीईटी को लेकर दायर पुनर्विचार याचिकाओं को कल खारिज करते हुए कहा कि टीईटी केवल औपचारिक परीक्षा नहीं बल्कि प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में टीईटी पास करने की समय–सीमा को दो वर्ष से बढ़ाकर अब तीन वर्ष कर दिया है। अब शिक्षकों को इकतीस अगस्त दो हजार अट्‌ठाइस तक टीईटी पास करना होगा।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि नीट पेपर लीक मामले में चूक की जिम्मेदारी तय की जानी होगी। न्यायालय की पीठ कल इस मामले में दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी।

उधर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पेपर लीक की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। डीडी न्यूज़ को दिए एक विशेष साक्षात्कार में श्री प्रधान ने आश्वासन दिया कि पुनर्परीक्षा प्रक्रिया उचित और व्यवस्थित तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न की जाएगी।

***जो घटना हुई है यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है, नहीं होनी चाहिए था। अभी दोबारा जब हमनेयह री–नीट की घोषणा किया है वो री–नीट सुव्यस्थिति हो जाए। इसमें निर्भूलता के साथ हो। यह अभी हमारा दायित्व है इस काम पे सभी का सहयोग हम अपेक्षा रखते हैं।***

**********

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कल दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक और दूसरी पाली दोपहर बाद दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिये प्रदेश के बहत्तर जिलों में एक हजार ग्यारह केन्द्र बनाये गये हैं, जहां करीब साढ़े चार लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा और निगरानी के विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन करने वाले बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय के अनुसार परीक्षा को पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिये हाईटेक कमाण्ड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

**********

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को पर्याप्त बीज उपलब्ध कराने के लिए एक लाख चौहत्तर हजार क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार स्थापित किया गया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, कालाबाजारी की रोकथाम तथा किसानों को उचित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया। कृषि मंत्री ने बताया कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर तीन सौ छिहत्तर करोड़ टन से अधिक हो गया है।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार है और सभी शोधन संयंत्र अधिकतम स्तर पर काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में प्रति दिन बानवे हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का उत्पादन हो रहा है जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और ऊर्जा बचाने की अपील की।

***सरकार सभी घरों तक एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता और डिलीवरी सुनिश्चित कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, इसके साथ सरकार सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयासरत है। इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने दैनिक उपयोग में ऊर्जा को बचाने का हर संभव प्रयत्न करें।***

इस बीच, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया है कि दो लाख सत्तर हजार मीट्रिक टन कच्चे तेल के साथ वाणिज्यिक पोत निसोस केरोस होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल गया है।

**********

प्रदेश में बीते गुरूवार की रात से मौसम में आये परिवर्तन से जनजीवन प्रभावित हुआ है। तेज आंधी–तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली से कई जिलों में जन–धन की हानि हुयी है। कल शाम आगरा में आंधी और तेज बारिश के चलते एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य लोग घायल हो गये हैं। जबकि, गुरूवार देर रात शिवालिक पहाड़ियों में हुई तेज बारिश के बाद अचानक आए पानी के बहाव से सहारनपुर के सिद्धपीठ माता शाकंभरी देवी क्षेत्र में कई वाहन बह गए। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये शाकंभरी देवी मंदिर प्रबंधन ने कल तक मंदिर में दर्शन पूरी तरह बन्द कर दिये हैं। आंधी–पानी से हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को तत्काल फील्ड में जाकर सर्वे और राहत राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में आज और कल तेज हवाओं के बीच बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

**********